14. ADS Diagnostic Ltd.

15. Bapuji Educational Association.

16. Dr. D. R. Mahajan.

17. Gauri Hospital Ltd.

18. Gwalior Rayon|Indian Rayon| Hindalco.

19. R. Vasudev Panicker—Nature Cure & Yoga Trust.

20. Dr. K. K. Bansal, Motilal Nehru School of Sports.

21. Lakshmipat Singhania Medical Foundation & Applo Hospitals Group.

22. P. G. Medicare Ltd.

23. Dr. Satya Gupta.

24. Shivaji Bhattachargee Medical Research Foundation.

25. Upkar Foundation.

मध्य प्रदेश में बरास्ता रीवां और गोविन्दगढ के, सतना और ब्योहारी के बीच रेल लाइन

2429. **श्री केशव प्रसाद शुक्ल :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश में रीवां, गोविन्दगढ़ तथा बधवार होते हुए सतना से ब्योहारी तक एक नई रेल लाइन बनाये जाने का प्रस्ताव है ;

(ख) क्या इस लाइन पर सर्वेक्षण कार्य पूरा हो गया है ; और

(ग) यदि हां, तो इस लाइन पर कितना खर्च आने का अनुमान है तथा इस लाइन पर निर्माण कार्य कब तक आरम्भ हो जाने की संभावना है ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) : (क) से (ग) लगभग 30 करोड़ रुपये की लागत पर सतना से रीवां तक नयी रेल लाइन का निर्माण एक अनुमोदित परियोजना है और इस कार्य को शुरू कर दिया गया है । गोविन्दगढ़ और बधवार के रास्ते रीवां से ब्योहारी तक के खंड का सर्वेक्षण अभी तक पूरा नहीं हुआ है । सर्वेक्षण के परिणामों की जांच करने के बाद इसके निर्माण के बारे में निर्णय किया जायेगा ।

मध्य प्रदेश में शहरों को विमान सेवाओं से जोड़ा जाना

2430. **श्री केशव प्रसाद शुक्ल :** क्या नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने मध्य प्रदेश के कुछ शहरों को वायुदूत सेवाओं से जोड़ने के लिए योजना को स्वीकृति दे दी है ;

(ख) यदि हां, तो इन शहरों के नाम क्या हैं तथा इन शहरों को किन-किन स्थानों से जोड़े जाने का विचार है ; और

(ग) क्या इस योजना में रीवां नगर को भी सम्मिलित किया गया है और यदि हां, तो वायुदूत सेवाएं कब से आरम्भ होंगी और रीवां को किस नगर से जोड़ा जाएगा ?

नागर विमानन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाईटलर) : (क) और (ख) विमान क्षमता की उपलब्धता, आधार-भूत सुविधाओं के विकास और परिचालनों के आर्थिक रूप से सक्षम होने पर चालू योजना अवधि में वायुदूत की मध्य प्रदेश के जगदलपुर, बिलासपुर और भिलाई को हवाई सेवा से भोपाल के रास्ते दिल्ली से जोड़ने की योजनाएं हैं ।

(ग) जी, नहीं ।

Direct railway train between Titilagarh to Talcher

2431. KUMARI SUSHILA TIRIA: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether Government have any proposal under their consideration to introduce direct express train between Titilagarh to Talcher via-Vizenagarm in order to give facilities to public travelling from western and